Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to include Sawai Mansingh Medical Collelge/Hospital, Jaipur in the list of hospitals identified under “Dr. Ambedkar Medical Assistance Scheme.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, अनुसूचित जाति समाज के लिए गुर्दा, हृदय, जिगर, कैंसर और मस्तिक जैसे जोखिमभरे रोगों के उपचार हेतु अम्बेडकर चिकित्सा सहायता योजना के अन्तर्गत कुछ अस्पतालों की पहचान की गई है। इनके लिए देश के दस बड़े अस्पतालों, जैसे ऑल इण्डिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज़ और पीजीआई चंडीगढ़ इत्यादि में इलाज उपलब्ध होगा। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के रोगियों को इलाज में 50 प्रतिशत का अनुदान इन संस्थानों से मिलता है।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहूंगा कि राजस्थान राज्य की राजधानी जयपुर में संवाई मान सिंह अस्पताल लगभग पिछले 50 वर्षों से इस क्षेत्र की सेवा कर रहा है। यह राजस्थान का दो सौ बिस्तरों वाला सुपर स्पैशिलिटी अस्पताल है, जहां न्यूरोसर्जरी, कार्डिक सर्जरी, कैन्सर, गुर्दा प्रत्यारोपण तथा जोखिमभरे सभी रोगों का उपचार किया जाता है। किसी कारण से इस अस्पताल को अम्बेडकर चिकित्सा योजना के अन्तर्गत आने वाले अस्पतालों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। राजस्थान में पहले 16 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति के लोगों की थी, अब यह बढ़कर लगभग 25 प्रतिशत के आसपास हो गई है। अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान में अनुसूचित जाति के लोग काफी निर्धन और पिछड़े हैं।

अतः मेरा निवेदन है कि जयपुर के संवाई मान सिंह अस्पताल को अम्बेडकर चिकित्सा योजना के अन्तर्गत पहचाने गए अस्पतालों की सूची में शामिल किया जाए। धन्यवाद।